श्री बेचई सरोज, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के विधान सभा उत्तर के अन्तर्गत अशोक विहार कालोनी, गाजीपुर बलराम, फैजुल्लगंज, वार्ड नं0-4, नगर निगम जोन-3 में श्री जय प्रकाश तिवारी (लेन नं0-3) के घर के सामने से डॉ0 प्रमोद कुमार श्रीवास्तव (लेन-4) के घर तक लं0 लगभग 350 मी0 सी0सी0/इण्टरलॉकिंग सड़क एवं नाली का निर्माण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जय प्रकाश तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री रामपाल वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद हरदोई के विधान सभा बालामऊ के अन्तर्गत विकास खण्ड कोथवां के नगर पंचायत बेनीगंज में पशु चिकित्सालय का पुनः नव निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में। श्री उमेश चन्द्र जनपद हरदोई की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री राकेश कुमार यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद बलरामपुर के विधान सभा क्षेत्र गैंसडी के अन्तर्गत भगवानपुर खादर घाट में बूढी राप्ती नदी में पुल के निर्माण के सम्बन्ध में श्री अमृतलाल उर्फ गुड्डू यादव व अन्य निवासीगण जनपद बलरामपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री जियाउद्दीन रिजवी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बलिया की तहसील सिकन्दरपुर में घाघरा नदी किनारे के गोसाईपुर, पुरूषोत्तम पट्टी एवं जिन्दापुर आदि गांवों को बचाने के लिए बन्धा एवं यू0टी0यू0बी0 के माध्यम से पत्थर डालकर कटान से बचाये जाने के सम्बन्ध में श्री अवधेश यादव व अन्य निवासीगण जनपद बलिया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री प्रभाष कुमार, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद हरदोई के विधान सभा क्षेत्र साण्डी के अन्तर्गत विकास खण्ड-सुरसा में केहरमऊ में पैन्टून पुल बनवाये जाने के सम्बन्ध में श्री शोभित सिंह व अन्य निवासीगण जनपद हरदोई की याचिका व्यपगत हुई।

श्रीमती रेखा वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद औरैया के विधान सभा क्षेत्र-202, बिधुना के अन्तर्गत विकास खण्ड-बिधूना में स्टेडियम निमाण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मूलचन्द्र पाल व अन्य निवासीगण जनपद औरैया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री अभय सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र सफीपुर के ग्राम सभा राजेपुर के नंगलाखेडा में दुर्गा मन्दिर से बबलू के घर तक के रास्ते का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री देशराज व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री संग्राम यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद इटावा के विधान सभा क्षेत्र सदर के डा0 भीमराव अम्बेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तिराहे से लुहन्ना चौराहे तक रोड का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुन्दर सिंह चौहान व अन्य निवासीगण जनपद इटावा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री अखिलेश, सदस्य, विधान सभा की जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र मुबारकपुर की ग्राम पंचायत शेरपुर चिरैयाकोट मार्ग से चौहान बस्ती से बैलाकोट राजवाहा पटरी पर लेपन का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नंगा व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री शहजिल इस्लाम अंसारी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बरेली की तहसील बरेली सदर के अन्तर्गत विकास खण्ड-भोजीपुरा के ग्राम बंजरिया जागीर में पुलिया से बाबू मंसूरी के घर होते हुए एम0एस0 स्कूल तक सी0सी0 का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री लईक अहमद व अन्य निवासीगण जनपद बरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री जय प्रताप सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के चिनहट ब्लॉक के ग्राम सिकंदर पुर खुर्द के मजरा बगुलहा के पूर्व (बाहर) से गोमती नदी (बह्म बाबा) घाट तक सी0सी0 रोड/सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नौमी लाल व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री सुभाष त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बहराइच के विधान सभा पयागपुर के अन्तर्गत ग्राम सेमरौना गंगवल व देवीदासपुर क्षेत्र में विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राम निवास निषाद व अन्य निवासीगण जनपद बहराइच की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री मोहित सोनकर 'राहुल बच्चा', सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद कानपुर नगर के ग्राम बरइयनपुरवा ग्राम पंचायत अरौल में सड़क का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सरमन चौरसिया व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर नगर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री अतुल प्रधान, सदस्य, विधान सभा की जनपद अमरोहा की तहसील हसनपुर के ग्राम कोटा से ग्रोम घोसीपुर मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सतेन्द्र सिंह व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्री गुरुप्रसाद मौर्य, सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड होलागढ़ अन्तर्गत जीतपुर नेवादा से वाया न्याईपुर मुकुन्दपुर तक नहर की पटरी का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामजी शुक्ला व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्रीमती सैय्यदा खातून, सदस्य, विधान सभा की जनपद सिद्धार्थनगर के डुमरियागंज क्षेत्र के वि0ख0-डुमरियागंज में नऊवा गांव से बिलहट तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री इशहाक अंसारी व अन्य निवासीगण जनपद सिद्धार्थनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

श्रीमती ओममणि वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के वृंदावन कालोनी सेक्टर-6 के पास स्थित प्रेमनगर कालोनी के बगल में नगर निगम जोन-8 की खाली पड़ी भूमि नं0-173 पर प्रस्तावित पार्क का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती सीता रजक निवासी जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गई।

तदुपरान्त आज की कार्य-सूची के अनुसार 04 विभागों के बजट पारण के दृष्टिगत अब तक बोलने से छूटे हुए कतिपय सदस्यों की सूची पीठ के सम्मुख प्रेषित करते हुए संसदीय कार्य मंत्री द्वारा मदवार चर्चा हेतु पीठ से समय के निर्धारण का अनुरोध किये जाने पर श्री अध्यक्ष ने सदस्यगण के लिए 02 से 03 मिनट का समय निर्धारित किया।

**आज नियम-56 के अन्तर्गत कुल 09 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जो कार्य-स्थगन प्रस्ताव के रूप में अग्राह्य हुईं।**

गोंड, कोल एवं खरवार जाति को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र जारी करने विषयक नेता विरोधी दल व अन्य की कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना की ग्राह्यता पर विचार व्यक्त करते हुए नेता विरोधी दल ने कहा कि इन जातियों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र जारी नहीं किये जा रहे हैं। इस पर बल देते हुए वीरेन्द्र यादव ने कहा कि पूर्वांचल के लगभग 17 ऐसे जनपद हैं, जिन जनपदों में गोंड़ और खरवार जाति के लोग निवास करते हैं। उन्हें जनजाति का प्रमाण-पत्र जारी न किये जाने से उन्हें अपनी पढ़ाई और छात्रवृति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने ऐसे लोगों को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र जारी करने की मांग की तथा विषय को अविलम्बनीय एवं लोक महत्व का बताते हुए सदन की शेष कार्यवाही को रोक कर इस पर चर्चा कराये जाने की मांग की। इस पर श्री जय प्रकाश अंचल ने भी बल दिया।

इस पर शासन का पक्ष रखते हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) (श्री असीम अरूण) ने कहा कि इसमें दो विषय नियत हैं, एक किसी जाति की परिभाषा की और दूसरा विषय जो मा0 सदस्य ने उठाया है कि उस परिभाषा के अनुसार पात्र और सही लोगों को जल्दी-से-जल्दी जाति प्रमाण-पत्र जारी किया जाना। पहले विषय में गोंड, खरवार या और कोई, इसमें कोई विवाद नहीं है। जहाँ तक परिभाषा की बात है। एक तकनीकी समस्या आ रही है। इसके लिए एक फैमिली आई0डी0 के नाम से साफ्टवेयर बनाया गया है, जिसके अनुसार यदि परिवार के किसी सदस्य को पहले जाति प्रमाण-पत्र जारी किया गया है, तो फैमिली ट्री बनेगा, उसके अनुसार परिवार के अन्य सदस्यों का जाति प्रमाण-पत्र बहुत ही आसान तरीके से जारी हो जाता है, यह व्यवस्था आ चुकी है और इसका लाभ भी लोगों को मिल रहा है। पहली बार आवेदन करने वालों के लिए जाति प्रमाण-पत्र को जारी करने की व्यवस्था को और पारदर्शी और मजबूत बनाने के लिए सरकार द्वारा एक समिति से अध्ययन कराया गया। समिति ने संस्तुति की है कि इस साफ्टवेयर को और मजबूत किया जाय। आवेदक से उसके तथ्य लेकर राजस्व अधिकारी हाँ या न या संशय वाली बात लिखे और फिर जो पात्र लोग हैं उनको तत्काल प्रमाण-पत्र जारी किया जाये तथा गलती से भी अपात्र इसका लाभ न ले पायें। राजस्व विभाग इस पर काम कर रहा रहा, है।

इसी मध्य अपराह्न 12 बजकर 51 मिनट पर अधिष्ठाता डॉ0 मंजू शिवाच पीठासीन हुईं।

तदुपरान्त सूचना अग्राह्य हुई।

प्रदेश में विद्युत वितरण के निजीकरण, विद्युत बिलों में बढ़ोत्तरी एवं स्मार्ट मीटर की गलत रीडिंग से उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा विषयक अपनी कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना की ग्राह्यता पर विचार व्यक्त करते हुए श्री राम सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटरों के कारण अत्यधिक बिलिंग की समस्या बनी हुई है और शिकायतों के निस्तारण के नाम पर विभाग में अवैध वसूली हो रही है। विजिलेंस टीमों द्वारा फर्जी वीडियो और एफ0आई0आर0 की धमकी देकर गरीब किसानों और मजदूरों का उत्पीड़न किया जा रहा है। 1912 टोल-फ्री नम्बर पर मध्यांचल, पूर्वांचल समेत विभिन्न क्षेत्रों में हजारों शिकायतें लम्बित हैं, जिसका समाधान आज तक नही हुआ है। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं तक सरकारी योजनाओं की जानकारी समय पर न पहुँचने के कारण वे लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि कई बस्तियों में आज भी बुनियादी बिजली व्यवस्था का अभाव है, जहाँ लोग बांस-बल्लियों के सहारे असुरक्षित तरीके से तार खींचने को मजबूर हैं। विभाग में निजीकरण की कोशिशों का विरोध करते हुए उन्होंने इसे उपभोक्ताओं और कर्मचारियों, दोनों के हितों के खिलाफ बताया। श्री पटेल ने विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों में

हो रही अत्यधिक देरी पर भी अपना विरोध व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि डेढ़-डेढ़ साल से पैसा निर्गत होने के बावजूद अधिकारी केवल आश्वासन दे रहे हैं और कार्य धरातल पर नहीं उतर रहे हैं। उन्होंने विषय को अविलम्बनीय एवं लोक महत्व का बताते हुए श्री अध्यक्ष से सदन की शेष कार्यवाही रोककर इस पर चर्चा कराने की माँग की। श्री मौहम्मद फहीम इरफान, श्री पंकज पटेल एवं डॉ0 हृदय नारायण सिंह पटेल ने भी इस पर बल दिया।

इस पर शासन का पक्ष रखते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार में पहली बार यूनिवर्सल एक्सेस ऑफ एनर्जी के तहत हर घर तक बिजली पहुँची है और पिछले 6 वर्षों में बिजली की दरों में एक पैसे की भी वृद्धि नहीं की गई है। मंत्री जी ने बताया कि प्रदेश की अधिकतम मांग अब 31486 मेगावाट तक पहुँच गई है, जो पिछली सरकारों की तुलना में ढाई गुना अधिक है। प्रति व्यक्ति बिजली की खपत 500 यूनिट से बढ़कर अब 724 यूनिट हो गई है, जो राज्य के इतिहास में एक कीर्तिमान है। किसानों के लिए बिजली मुफ्त करने के साथ-साथ पिछले 7 वर्षों में 15 लाख से अधिक नए कनेक्शन दिए गए हैं। बिजली कम्पनियों (डिस्कॉम) की रेटिंग में सुधार हुआ है और अनपरा इकाई व ट्रांसमिशन कम्पनी को देश में सर्वश्रेष्ठ होने का पुरस्कार मिला है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अयोध्या को सोलर सिटी बनाने और हजारों पम्पों को सोलराइज हमारी सरकार में किया गया है। स्मार्ट मीटरों की गलत बिलिंग की कोई पुख्ता शिकायत नहीं मिली है। निजीकरण के विषय में उन्होंने कहा कि रिलायंस और टोरेंट जैसी कम्पनियों की प्रदेश में एण्ट्री सपा और बसपा के शासनकाल में ही हुई थी। अन्त में, उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार जो भी निर्णय लेगी, वह जनता के व्यापक हित और बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ही होगा।

दिनांक 18-02-2020 को गलगोटिया विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा द्वारा एआई समिट में देश की छवि धूमिल किये जाने से उत्पन्न स्थिति विषयक इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई की सूचना पर श्री अध्यक्ष ने शासन का ध्यानाकर्षण किया।

वित्त मंत्री ने प्रस्ताव किया कि :-

*"उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध (संशोधन) विधेयक, 2026 पर विचार किया जाय"।*

नेता विरोधी दल ने निम्नलिखित संशोधन प्रस्तुत किया:-

*"उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध (संशोधन) विधेयक, 2026 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय, जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करे।"*

मा0 मंत्री के उत्तर भाषण के उपरान्त संशोधन का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा मा0 मंत्री द्वारा प्रस्तुत विचार का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

विधेयक पर खण्डशः विचार आरम्भ हुआ।

खण्ड-2 तथा खण्ड-1, प्रस्तावना व शीर्षक इस विधेयक के अंग बने।

वित्त मंत्री ने प्रस्ताव किया कि :-

*"उत्तर प्रदेश राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबन्ध (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया जाय।"*

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त श्री कमाल अख्तर द्वारा रोजा इफ्तार एवं सहरी के समय लाऊडस्पीकर से एलान करने के लिए सरकार से अनुरोध किया। जिस पर संसदीय कार्य मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि रात 10 बजे के बाद लाऊडस्पीकर अनुमन्य नहीं है।

तदुपरान्त श्री अध्यक्ष ने सदन को अवगत कराया कि अनुदानवार बजट पर बोलने हेतु समय निर्धारित करते हुए मंत्रीगण को 20 मिनट, कटौती प्रस्ताव पर बोलने हेतु 10 मिनट तथा 3–3 सदस्य पक्ष व विपक्ष द्वारा 5-5 मिनट के लिए बोलेंगे, इसके अतिरिक्त सम्बन्धित विभाग के मंत्री अपना उत्तर भाषण 15 मिनट में देंगे।

तदुपरान्त कृषि मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-11 कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (कृषि) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए रु0 10996,68,02,000 (दस हजार नौ सौ छियानवे करोड़ अड़सठ लाख दो हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

इसी मध्य अपराह्न 02 बजे अधिष्ठाता मनीष असीजा पीठासीन हुए।

श्री पंकज कुमार मलिक ने प्रस्ताव किया कि अनुदान संख्या-94-सिंचाई विभाग (निर्माण कार्य) के अधीन मांगी गयी धनराशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य-विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना है।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

श्री शशांक त्रिवेदी,

श्री राम चौहान,

श्री आनन्द कुमार यादव,

श्री चन्द्रभानु पासवान,

श्री विनय प्रकाश गोंड,

श्री संदीप सिंह तथा

श्रीमती आराधना मिश्रा 'मोना'।

कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री (श्री सूर्य प्रताप शाही) ने उत्तर भाषण दिया।

तदुपरान्त श्री पंकज कुमार मलिक द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा मा0 मंत्री द्वारा अनुदान संख्या-11 के अधीन मांगी गयी धनराशियां पूर्ण रूप से स्वीकृत हुईं।

जल शक्ति एवं बाढ़ नियन्त्रण मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-94-सिंचाई विभाग (निर्माण कार्य) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये 18190,35,59,000 (अट्ठारह हजार एक सौ नब्बे करोड़ पैंतीस लाख उनसठ हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय तथा अनुदान संख्या-95-सिंचाई विभाग (अधिष्ठान) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये 6625,41,23,000 (छः हजार छः सौ पच्चीस करोड़ इकतालीस लाख तेईस हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

श्री शिवपाल सिंह यादव ने प्रस्ताव किया कि अनुदान संख्या-94- सिंचाई विभाग (निर्माण कार्य) तथा अनुदान संख्या-95-सिंचाई विभाग (अधिष्ठान) के अधीन मांगी गयी धनराशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य-विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना है।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

श्री अनिल पाराशर,

श्री भगवान सिंह कुशवाहा,

श्री कमाल अख्तर,

श्री बाबूराम,

श्री राम कृष्ण भार्गव,

श्री मनोज कुमार पारस,

श्री राजीव तरारा तथा

श्री प्रभु नारायण सिंह यादव।

जल शक्ति एवं बाढ़ नियन्त्रण मंत्री ने उत्तर भाषण दिया।

तदुपरान्त श्री शिवपाल सिंह यादव द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा मा0 मंत्री द्वारा अनुदान संख्या-94, 95 के अधीन मांगी गयी धनराशियां पूर्ण रूप से स्वीकृत हुईं।

नगर विकास मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-37-नगर विकास विभाग के अन्तर्गत होने वाले

परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये 23944,92,02,000 (तेईस हजार नौ सौ चौवालीस करोड़ बानवे लाख दो हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

इसी मध्य सायं 05 बजकर 11 मिनट पर अधिष्ठाता श्रीमती कृष्णा पासवान पीठासीन हुईं।

श्री अतुल प्रधान ने प्रस्ताव किया कि अनुदान संख्या-37-नगर विकास विभाग के अधीन मांगी गयी धनराशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय। कमी करने का उद्‌देश्य-विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना है।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

श्री राम चन्द्र यादव तथा

श्री अभिजीत सिंह 'सांगा'।

श्री रविदास मेहरोत्रा के भाषण के उपरान्त श्री संग्राम यादव ने बजट पारण के दौरान विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में व्यवस्था का प्रश्न उठाए जाने पर श्री अधिष्ठाता ने कहा कि बात हो गयी है, वे आ रहे हैं। निम्नलिखित सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया :-

डॉ0 जी0 एस0 धर्मेश तथा

मेजर सुनील दत्त द्विवेदी।

श्री समरपाल सिंह के भाषण के मध्य सायं 06 बजकर 27 पर मिनट पर अधिठाता डॉ0 मंजू शिवाच पुनः पीठासीन हुईं। तदुपरान्त श्री अतुल प्रधान ने बजट चर्चा के दौरान अधिकारियों की अनुपस्थिति के सम्बन्ध में व्यवस्था का प्रश्न उठाये जाने पर अधिष्ठाता ने कहा ऐसा नही है ।

नगर विकास मंत्री ने उत्तर भाषण दिया।

तदुपरान्त श्री अतुल प्रधान द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा मा0 मंत्री द्वारा अनुदान संख्या-37 के अधीन मांगी गयी धनराशियां पूर्ण रूप से स्वीकृत हुईं।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ने श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2027 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-03-उद्योग विभाग (लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन) के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिये 3812,48,63,000 (तीन हजार आठ सौ बारह करोड़ अड़तालीस लाख तिरसठ हजार रुपये) से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

डॉ0 आर0 के0 वर्मा ने प्रस्ताव किया कि अनुदान संख्या-03-उद्योग विभाग (लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन) के अधीन मांगी गयी धनराशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय। कमी करने का उद्‌देश्य-विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना है।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

श्रीमती जयदेवी,

श्री दिनेश रावत,

अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (श्री दानिश आजाद अंसारी),

श्री मौहम्मद फहीम इरफान,

श्री जय प्रकाश निषाद तथा

श्रीमती पूजा।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ने उत्तर भाषण दिया।

इसी मध्य रात्रि 08 बजकर 13 मिनट पर अध्यक्ष पुनः पीठासीन हुए।

तदुपरान्त डॉ0 आर0 के0 वर्मा द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा मा0 मंत्री द्वारा अनुदान संख्या-3 के अधीन मांगी गयी धनराशियां पूर्ण रूप से स्वीकृत हुईं।

**आज दिनांक 19 फरवरी, 2026 को नियम-51 के अन्तर्गत कुल 114 सूचनाएं प्राप्त हुईं। निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनाएँ ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकार की गईं।**

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 1 | श्री प्रेम सागर पटेल | लो0नि0वि0 की कार्यदायी संस्था एटलस फरीदाबाद द्वारा कराये जा रहे घटिया निर्माण कार्य की टी0ए0सी0 जाँच कराये जाने विषयक। |
| 2 | श्री जवाहर लाल राजपूत | जनपद झांसी के गरौठा विधान सभा क्षेत्र में लगे क्रेशरों के डस्ट से प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 3 | श्री रामखिलाड़ी सिंह | जनपद सम्भल के विधान सभा क्षेत्र-111 में कतिपय विकास खण्डों में सम्पर्क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 4 | श्रीमती सरोज कुरील | जनपद जालौन में भूमि सं0-346/211 पर न्यायालय द्वारा हदबन्दी/पत्थर गड्डी आदेश के तहत गड़वाये गये पत्थरों को दबंगों द्वारा उखाड़े गये पत्थरों को पुनर्स्थापित कर कब्जा दिलाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 5 | श्री स्वामी ओउ्मवेश | जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र चाँदपुर के अखलासपुर से सल्लाहपुर गागू नंगला मार्ग तक सड़क डामरीकरण कराये जाने विषयक। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 6 | श्री जै किशन साहू | जनपद गाजीपुर में स्थापित मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था कराये जाने विषयक। |
| 7 | डॉ0 रागिनी | जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर के ग्राम सभा असवां पुल से ग्राम सभा फजुलहां सम्पर्क मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 8 | श्री सुशील कुमार शाक्य | जनपद फर्रुखाबाद अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग में निहित गाटा संख्या 1625 मि0 क्षेत्रफल 25 एकड़ स्वास्थ्य विभाग द्वारा 01-04-1995 को धर्मार्थ चिकित्सालय हेतु पट्टा जाकिर हुसैन ट्रस्ट को नियत अवधि 30 वर्ष के लिये कर दिया, शर्तों का पालन न करने एवं अवधि पूर्ण हो जाने पर भूमि पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कब्जा लेने के सम्बन्ध में। |
| 9 | श्री धर्मराज निषाद | जनपद अम्बेडकर नगर के विधान सभा क्षेत्र कटेहरी अन्तर्गत विकास खण्ड भीटी का आवासीय भवन तथा कार्यालय का निर्माण कराये जाने विषयक। |
| 10 | श्री रमा शंकर सिंह | जनपद मिर्जापुर के विधान सभा क्षेत्र मडिहान अन्तर्गत पर्यटन स्थल लखनिया तुरी में सैलानियों के साथ वन विभाग के ठेकेदार द्वारा किये गये अभद्र व्यवहार एवं अवैध वसूली तथा महिलाओं के साथ छेड़खानी की जाँच के सम्बन्ध में। |
| 11 | श्री देवेन्द्र सिंह लोधी | डॉ0 चन्द्रभूषण सिंह माहुर, वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय शंकर गंज, जौनपुर का समस्त लम्बित देयकों का समयबद्ध भुगतान कराये जाने विषयक। |
| 12 | श्री राजेन्द्र सिंह पटेल | अमर शहीद जोधा सिंह अटैया के पैतृक गाँव में उनकी प्रतिमा लगाने एवं पार्क का निर्माण कराने के सम्बन्ध में। |
| 13 | श्रीमती ओममणी वर्मा | जनपद बाँदा अन्तर्गत विधान सभा नरैनी तहसील अतर्रा के ग्राम दुबरिया में भूमि गाटा सं0-9100 रकबा |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| | | 0.411 पर बने मानक विपरीत मदरसे की जाँच कराकर कार्यवाही के विषय में। |
| 14 | श्री विनय कुमार द्विवेदी | जनपद गोण्डा के बिशुनापुर बाजार से छिटनापुर गांव तक जर्जर मार्ग का निर्माण कराये जाने विषयक। |
| 15 | श्री राम अचल राजभर | जनपद अम्बेडकर नगर के विधान सभा क्षेत्र अकबरपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा समैसा के क्षेत्र में कतिपय सम्पर्क मार्ग से सड़क का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 16 | श्री चन्द्रभानु पासवान | विधान सभा क्षेत्र मिल्कीपुर जनपद अयोध्या के अन्तर्गत गोठवारा से प्राथमिक विद्यालय सौधियावा, चमनगंज से गौहन्ना कानूनगो प्रा0 स्कूल तक सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण के सम्बन्ध में। |
| 17 | डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा | नगर निगम फिरोजाबाद में अधिशासी अभियन्ता (सिविल) श्री आशीष शुक्ला के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं शासन स्तर पर की गई कार्यवाही के सम्बन्ध में। |
| 18 | श्रीमती रेखा वर्मा | जनपद औरैया के विधान सभा क्षेत्र बिधूना के विकास खण्ड अछल्दा में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 19 | श्री लक्ष्मी राज सिंह | जनपद बुलन्दशहर की विधान सभा क्षेत्र सिकन्दराबाद में गुलावठी-सैदपुर मार्ग पर लगातार जाम लगने की समस्या के समाधान हेतु। |
| 20 | श्रीमती अन्जुला सिंह माहौर | जनपद हाथरस में राजकीय बालिका डिग्री कॉलेज स्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 21 | डॉ0 राजेश्वर सिंह | जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र सरोजनी नगर के अन्तर्गत इब्राहिमपुर प्रथम वार्ड एवं इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड में निर्मित आवासीय क्षेत्र में पाइप लाइन पेयजल परियोजना के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने के सम्बन्ध में। |
| 22 | श्रीमती इन्द्राणी देवी | जनपद श्रावस्ती अन्तर्गत ब्लॉक हरिहरपुररानी में जगपति धाम का सौन्दर्यीकरण कराये जाने विषयक। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 23 | श्री समरपाल सिंह | उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् लखनऊ में वैज्ञानिक अधिकारी (कृषि वानिकी) भर्ती की जाँच के सम्बन्ध में। |
| 24 | डॉ0 वीरेन्द्र यादव | जनपद गाजीपुर की विधान सभा जंगीपुर के अन्तर्गत सुहवल में 132 के0वी0ए0 क्षमता का पावर हाउस बनाये जाने विषयक। |
| 25 | श्री राजेन्द्र कुमार | विधान सभा क्षेत्र मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ के मोहम्मदाबाद मार्ग के रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक/रेलवे गुमटी के ऊपर ओवर ब्रिज बनाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 26 | इंजी0 सरवन कुमार निषाद | जनपद गोरखपुर के विधान सभा क्षेत्र चौरी-चौरा में चौरी-चौरा गवनार मार्ग के कि0मी0-3 (बालखुर्द) से डूडी बसहिया खैराबाद मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में। |
| 27 | डॉ0 पल्लवी पटेल | उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित पी0ई0टी0 परीक्षा में न्यूनतम कटऑफ निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 28 | श्री जय प्रकाश अंचल | जनपद बलिया सहित 16 जनपदों के गोंड व खरवार जातियों के अनुसूचित जनजाति प्रमाण-पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 29 | डॉ0 आर0के0 वर्मा | नगर पालिका वार्ड सं0-17 उत्तर (ग्राम दहिलामाऊ) तहसील सदर, थाना नगर कोतवाली, प्रतापगढ़ में भू-माफिया के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 30 | इंजी0 बृजेश कठेरिया | जनपद मैनपुरी के विकास खण्ड किशनी में तकनीकी सहायक के स्थानान्तरण को निरस्त कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 31 | श्रीमती कृष्णा पासवान | जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र खागा अन्तर्गत काशीपुर (भसरौल) एवं बरौलिया के मध्य ससुर खदेरी नदी में लघु सेतु निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 32 | श्री शफीक अहमद अंसारी | जनपद रामपुर की तहसील स्वार में पुरानी तहसील की भूमि गाटा सं0 185 क्षेत्रफल (0.506 हे0) को |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| | | निःशुल्क/लीज/सशुल्क नगर पालिका परिषद् स्वार को हस्तान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 33 | श्री वीरेन्द्र सिंह लोधी | जनपद एटा के कासगंज नहर की पटरी होते हुए एटा आगरा रोड तक कांवड़ यात्रा मार्ग के नाम पर बनाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 34 | श्री प्रकाश द्विवेदी | जनपद बांदा में अन्तर्राज्यीय बस अड्डा बनाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 35 | श्री गणेश चन्द्र चौहान | जनपद सन्त कबीरनगर के विधान सभा धनघटा में तिघरा मौर बहारडाड़ी में लगभग 20 गाँव में जल निकासी हेतु पक्का नाला बनाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 36 | श्री अमरेश कुमार | जनपद लखनऊ के अन्तर्गत मण्डी परिषद् द्वारा निर्मित कतिपय मार्गों के निर्माण की जाँच कराये जाने विषयक । |
| 37 | श्री राजीव तरारा | जनपद अमरोहा अन्तर्गत गजरौला में जूविलेंट फैक्टरी, टेवा एवं अन्य फैक्ट्रियों द्वारा फैलाये जा रहे प्रदूषण से उत्पन्न स्थित के सम्बन्ध में। |
| 38 | श्री मौहम्मद फहीम इरफान | जनपद गौतमबुद्धनगर में मदिरा दुकानों पर ओवररेटिंग एवं जिला आबकारी अधिकारी की निलम्बन पुनर्बहाली सम्बन्धी प्रकरण के विषय में। |
| 39 | श्री कमाल अख्तर | जनपद मुरादाबाद के कांठ विधान सभा क्षेत्र में धारक नगला से भोजपुर के रास्ते पर ग्राम आदमपुर में ढेला नदी पर बने संकरे पुल के चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 40 | श्री मनोज कुमार पारस | जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नगीना अन्तर्गत कस्बा किरतपुर में ओल्ड एन0 एच0 119 पर मो0 असलम के खेत खसरा नं0-302 से मंडावर रोड तक बाईपास बनाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 41 | श्री विवेकानन्द पाण्डेय | जनपद कुशीनगर के विधान सभा क्षेत्र खड्डा के अन्तर्गत प्रस्तावित नौरगिया को नगर पंचायत का दर्जा दिये जाने के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
|---|---|---|
| 42 | श्री अरविन्द कुमार सिंह | जनपद शाहजहाँपुर की विधान सभा क्षेत्र ददरौल के विकास खण्ड कांठ एवं मदनापुर को सदर तहसील से अलग कर नई तहसील का बनवाने के सम्बन्ध में। |
| 43 | श्री रत्नाकर मिश्र | जनपद मिर्जापुर में दूषित पानी के उचित निकासी के सम्बन्ध में। |
| 44 | श्री राम चन्द्र यादव | श्री अरविन्द कुमार, प्र0अ0, उ0प्र0वि0 छठवें वेतन आयोग के अन्दर का अवशेष दिलाये जाने विषयक। |
| 45 | श्री रमेश चन्द्र मिश्र | जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र बदलापुर अन्तर्गत विकास खण्ड बदलापुर, बक्सा, महराजगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेदुका, बेलावां, गजाधरपुर, नाभीपुर, पहाड़पुर के स्वास्थ्य केन्द्रों का जीर्णोद्धार कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 46 | श्री देवेन्द्र कुमार निम | जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र रामपुर मनिहारन में मिठाई की दुकानों से सैम्पल लेकर जाँच कर कार्यवाही हेतु। |
| 47 | श्री वीरेन्द्र चौधरी | जनपद महराजगंज के विधान सभा क्षेत्र फरेन्दा में ग्राम पंचायत खडखोडा में चकबन्दी के दौरान अधिकारियों द्वारा किये गये नियम विरुद्ध कार्य की जाँच कर कठोर कार्यवाही हेतु। |
| 48 | श्री रमेश जायसवाल | जनपद चन्दौली के विधान सभा क्षेत्र मुगलसराय में विकास खण्ड सदर के ग्राम बिसौरी में कतिपय सी0सी0 रोड निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 49 | श्री चन्द्रपाल सिंह | जनपद बुलन्दशहर की विधान सभा डिबाई के ब्लॉक डिबाई अन्तर्गत डिबाई कर्णवास मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 50 | डॉ0 अमित सिंह चौहान | जनपद अयोध्या के विधान सभा क्षेत्र बीकापुर की तहसील सोहावल के विकास खण्ड मसौधा अन्तर्गत अयोध्या धाम आने वाले कतिपय मार्गों का निर्माण उत्तर प्रदेश कार्पोरेशन लि0 द्वारा कराये जाने के सम्बन्ध में। |

| क्र0-सं0 | नाम | विषय |
| --- | --- | --- |
| 51 | श्री संदीप सिंह | जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड करछना के अन्तर्गत रामपुर से करछना मार्ग पर रेलवे ओवर के आगे लो0नि0वि0 मार्ग पर अवैध अतिक्रमण हटाये जाने विषयक। |

शेष सूचनाएं अस्वीकृत हुईं।

नियम-51 के अन्तर्गत दी गयी सूचनाओं पर श्री अध्यक्ष ने दो सदस्यों द्वारा अपनी सूचना पर उनके हस्ताक्षर भिन्न होने का प्रकरण का संज्ञान लेते हुए प्रमुख सचिव, विधान सभा को निर्देशित किया कि मा0 सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया है कि नोटिस न उनके जनपद से सम्बन्धित है और ना ही उनके द्वारा लगायी गयी है। उन्होंने उक्त प्रकरणों की जाँच कराते हुए कल तक अवगत कराने के लिए कहा। जिससे दोषियों के विरुद्ध क्रिमिनल प्रोसीजर्स के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सके।

श्री अध्यक्ष ने सदन को अवगत कराया कि माननीय मुख्य मंत्री द्वारा कहा गया है कि विधायक निधि से सम्बन्धित सुझावों को लिपिबद्ध किये जाने हेतु एक समिति का गठन किया जाए।

चूँकि एक समिति विधान परिषद् में उक्त से सम्बन्धित मा0 उप मुख्य मंत्री (श्री केशव प्रसाद मौर्य) की अध्यक्षता में गठित की गयी है। अतएव विधान सभा से भी इस प्रकार की समिति का गठन करने की अपेक्षा की गयी है। इस हेतु श्री अध्यक्ष ने विधायक निधि हेतु सुझाव दिए जाने सम्बन्धी 11 सदस्यीय समिति को कल गठित किए जाने की घोषणा की एवं एक सप्ताह में उसकी जानकारी सभी सदस्यों को दे दी जाएगी। उन्होंने सदन को यह भी सूचित किया कि उक्त समिति का गठन विधायक निधि पर सुझाव देने का होगा, लेकिन यह आवश्यक नहीं कि उसे मान लिया जाए। उक्त सुझावों पर अमल करने हेतु अन्तिम निर्णय मा0 मुख्य मंत्री का होगा।

डॉ0 रागिनी द्वारा महिला विधायकों अथवा प्रदेश में कार्यरत महिला राज्य कर्मचारियों को उनके ऊपर आश्रित माता-पिता अथवा सास-ससुर के चिकित्सीय बीमा अथवा सहायता न उपलब्ध होने की बात बताते हुए कहा कि पूर्व में भी इस प्रकरण को उनके द्वारा उठाया गया था।

जिस पर मा0 अध्यक्ष ने कहा कि इस सुझाव को भी उक्त समिति में ले लेंगे।

विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर के प्राथमिक विद्यालय सहरमा विकास खण्ड बरसठी में नियमित शिक्षकों की तैनाती के सम्बन्ध में डॉ0 रागिनी द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी

गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा मंत्री का वक्तव्य पढ़ा माना गया। मा0 सदस्य ने प्रश्न पूछकर स्पष्टीकरण प्राप्त किया।

जनपद हमीरपुर मुख्यालय में बेतवा एवं यमुना नदियों में दीर्घ सेतु एवं बाईपास कार्य समय से न पूर्ण होने एवं शासकीय धन की क्षति होने के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध आरोप तय करते हुये कठोरतम कार्यवाही कर रुके कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के सम्बन्ध में डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य पढ़ा माना गया। मा0 सदस्य ने प्रश्न पूछकर स्पष्टीकरण प्राप्त किया। इस सम्बन्ध में श्री अध्यक्ष ने प्रकरण में जाँच समिति का गठन कर उसकी रिपोर्ट सदन के पटल पर रखने के निर्देश दिये गये।

जनपद औरैया के सहार विकास खण्ड की ग्राम पंचायत नारायणपुर शहबाजपुर में कतिपय सड़क निर्माण के सम्बन्ध में श्रीमती रेखा वर्मा द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद प्रयागराज के सोरांव अन्तर्गत विकास खण्ड बहरिया के ग्राम पंचायत टिकरी में सारंगापुर टिटिमपुर तथा ग्राम पंचायत रामपुर उर्फ दौलतपुर के मौजा देवरा में काली रोड से पं0 जवाहर लाल नेहरू इण्टर कॉलेज तक सड़क निर्माण के सम्बन्ध में श्रीमती गीता शास्त्री द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य पढ़ा हुआ माना गया।

विधान सभा क्षेत्र भिनगा जनपद श्रावस्ती अन्तर्गत विकास खण्ड सिरसिया के ग्राम पंचायत मदरहवा से पिपरहवा तक सड़क पक्की कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती इन्द्राणी वर्मा द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य पढ़ा हुआ माना गया।

शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर खरीद फरोख्त करके तथा भू-लेख के विपरीत अवैध कब्जे को भू-माफियाओं से मुक्त कराने के सम्बन्ध में श्री बेदी द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य पढ़ा हुआ माना गया।

विधान सभा क्षेत्र जफराबाद, जौनपुर हेतु निर्धारित आवंटित पूर्वांचल विकास निधि जिलांश की स्वीकृति न होने के सम्बन्ध में श्री जगदीश नारायण राय द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य पढ़ा हुआ माना गया।

जनपद आजमगढ़ में विधान सभा क्षेत्र मेंहनगर के अन्तर्गत ग्राम बीबीपुर से उचहुवां तक मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्रीमती पूजा द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026

को दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य पढ़ा हुआ माना गया।

विधान सभा क्षेत्र बिल्हौर, कानपुर नगर के ग्राम रामपुर नरुआ की पुलिस चौकी एवं थाना क्षेत्र की समस्या के सम्बन्ध में श्री मोहित सोनकर 'राहुल बच्चा' द्वारा दिनांक 16 फरवरी, 2026 को दी गई सूचना पर नियम-51 के अन्तर्गत मुख्य मंत्री का केवल वक्तव्य पढ़ा हुआ माना गया।

तदुपरान्त सदन का उपवेशन रात्रि 09 बजकर 41 मिनट पर अगले दिन के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।

**प्रदीप कुमार दुबे,**
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

-------

स्वीकृत,
**सतीश महाना,**
अध्यक्ष,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0-एल0 256 एल0ए0 विधान सभा (424)-20-02-2026-50 प्रतियां (कम्प्यूटर)।